RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 340
हिसार | वीरवार, 7 मार्च, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ 6







# चंडीगढ़ ट्राइसिटी एम.आर.टी.एस. परियोजना में संशोधन - परियोजना नेटवर्क की लंबाई अब 4 किलोमीटर तक बढ़ा दी गई है, जो आई.एस.बी.टी., जीरकपुर को सेक्टर 20, पंचकूला से जोड़ेगी

## नई दिल्ली को झज्जर जिले में स्थापित एम्स और राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, बाढ़सा से जोड़ने वाला ग्रे लाइन मेट्रो लिंक बनाई जाएगी -केंद्र ने नए राइडरशिप असेसमेंट के लिए हरी झंडी दे दी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 6 मार्च :** नई दिल्ली को झज्जर जिले में स्थापित एम्स और राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, बाढ़सा से जोड़ने वाला ग्रे लाइन मेट्रो लिंक स्थापित की जाएगी इसके लिए केन्द्रीय आवास और शहरी मामले मंत्रालय ने संभावित मार्ग का आकलन करने के लिए अग्रणी कंसल्टेंसी फर्म मेसर्स राइट्स द्वारा किए जाने वाले नए राइडरशिप असेसमेंट के लिए हरी झंडी दे दी है।

यह जानकारीमुख्य सचिव श्री संजीव कौशल, जो हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन 6 एच. एम. आर. टी. सी. 8 के अध्यक्ष भी हैं, ने बोर्ड की बैठक के बाद दी। उन्होंने कहा कि एच. एम. आर. टी. सी.) प्रदेशभर में कनेक्टिविटी को मजबूत करने और सार्वजनिक परिवहन विकल्पों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कई मेट्रो परियोजनाओं को गति दे रहा है। उन्होंने बताया कि जिला पलवल में बढ़ती परिवहन जरूरतों को पूरा करने के लिए, बल्लभगढ़ से पलवल तक लगभग 25 किमी की दूरी की मौजूदा मेट्रो लाइन के विस्तार के लिए एक तकनीकी-व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है। इसके अलावा, एक आरंभिक राइडरशिप मूल्यांकन अध्ययन बहादुरगढ़ और आसौधा को जोड़ने वाली मेट्रो लाइन के लिए भी राइडरशिप असेसमेंट किया जा रहा है। राइट्स द्वारा आगामी 15 अप्रैल तक इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी जाएगी।

मुख्य सचिव ने बताया कि प्रारम्भिक तौर पर सेक्टर-56, गुरुग्राम से पंचगांव तक के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए नियुक्त मैसर्स राइट्स ने सेक्टर-56 से वाटिका चैक तक के मार्ग को शामिल करने के लिए परियोजना का



विस्तार किया है। 28 एलिवेटेड स्टेशनों के साथ, 36 किलोमीटर लम्बी इस परियोजना का लक्ष्य यात्रियों के लिए व्यापक कवरेज और सुविधाजनक पहुंच सुनिश्चित करना है। इसके अलावा, फरीदाबाद और गुरुग्राम को जोड़ने वाली संभावित मेट्रो लाइन के लिए डबल-डेकर वायाडक्ट के निर्माण की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए भी तत्परता से प्रयास किए जा रहे हैं।

श्री संजीव कौशल ने बताया कि चंडीगढ़ ट्राइसिटी एम.आर.टी.एस. परियोजना में एक महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है। मेट्रो और ट्रेन, दोनों सेवाओं का उपयोग करने वाले यात्रियों की सुविधा और पहुंच में सुधार करने के उद्देश्य से अब रेलवे स्टेशन और मुख्य गलियारे को जोड़ने वाला एक सीधा लिंक दिया गया है। परियोजना नेटवर्क की लंबाई अब 4 किलोमीटर तक बढ़ा दी गई है, जो आई.एस.बी.टी., जीरकपुर को सेक्टर 20, पंचकूला से जोड़ेगी। इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय आवास और शहरी मामले मंत्रालय ने संभावित लागत प्रभावी और कुशल समाधान पेश करते हुए 2-कोच मेट्रो प्रणाली अपनाने की भी सिफारिश की है।

मुख्य सचिव ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा मिलेनियम सिटी सेंटर और साइबर सिटी को जोड़ने वाली मेट्रो लाइन के निर्माण को मंजूरी दिए जाने से गुरुग्राम मेट्रो रेल परियोजना को बड़ा प्रोत्साहन मिला है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 16 फरवरी, 2024 को रेवाड़ी में गुरुग्राम मेट्रो रेल परियोजना की आधारशिला रखी थी। यह परियोजना मिलेनियम सिटी सेंटर को साइबर सिटी से जोड़ेगी।

उन्होंने बताया कि परियोजना के कार्यान्वयन के लिए गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जी.एम.आर.एल.) निगमित की गई है। भू-तकनीकी जांच और विस्तृत डिजाइन परामर्श जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं के लिए निविदाएं जारी की गई जा चुकी हैं। केंद्रीय आवास और शहरी मामले मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव सुश्री डी. थारा को_ जी.एम.आर.एल. का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गुरुग्राम की मौजूदा रैपिड मेट्रो प्रणाली में 2.9-मीटर कोच शामिल करने की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए एक अध्ययन भी किया जा रहा है, जिससे यात्री क्षमता में वृद्धि होगी और प्रणाली की दक्षता भी बढ़ेगी।

उन्होंने बताया कि सराय काले खां-पानीपत आर.आर.टी.एस. परियोजना हाई स्पीड रीजनल रेल की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हरियाणा और दिल्ली, दोनों सरकारों ने परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए धनराशि जारी कर दी है।

मुख्य सचिव ने बताया कि इन सभी परियोजनाओं के पूरा होने पर प्रदेश में निश्चित तौर पर कनेक्टिविटी बढ़ेगर, यातायात की भीड़ कम होगी तथा लोगों को तेज और सुविधाजनक यात्रा के विकल्प मिलेंगे।

## सैनी ट्रस्ट विवाद : बरामद सामान हम कोर्ट से सुपरदारी पर लेंगे, पहले केस दर्ज हो : विजय सैनी



थाने में सामान के साथ बैठे आरोपी।



विजय सैनी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** भाजपा नेता विजय सैनी, जो कि राजगुरु मार्केट स्थित 11 नंबर दुकान के संचालकों के परिजन हैं, ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों से सामान तो बरामद कर लिया है और सब आरोपियों की पहचान भी हो गई है, परंतु हम यह सामान कोर्ट से सुपरदारीपर लेंगे, क्योंकि अब तक इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है। दुकान संचालक दीपिका व संतोष ने मांग की है कि पुलिस पहले सैनी ट्रस्ट के आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करे और बरामद सामान कोर्ट में पेश करे। पीड़ित परिवार आज कैबिनेट मंत्री कमल गुप्ता से भी मिला, जिन्होंने पुलिस कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### किसान आंदोलन पर हाईकोर्ट सख्त

## किसान नेताओं से कहा-तलवारें लेकर कौन शांतिपूर्ण प्रदर्शन करता है

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 7 मार्च :** शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन पर गुरुवार को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी की। हाईकोर्ट ने किसान प्रदर्शनकारियों के आंदोलन करने के तरीके को लेकर उन्हें फटकार लगाई। वहीं खनौरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन के दौरान किसान शुभकरण की मौत के मामले की जांच हाईकोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता वाली कमेटी करेगी। हरियाणा और पंजाब के दो दो अफसर कमेटी का हिस्सा होंगे। आंदोलन में बच्चों और महिलाओं को ढाल बनाने पर हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी की। हाईकोर्ट ने कहा कि हाथों में तलवारें लेकर कैसा शांतिपूर्ण प्रदर्शन होता है। हाईकोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे नेताओं को गिरफ्तार कर चेन्नई भेज देना चाहिए। कोर्ट ने पूछा कि क्या आप वहां जंग करने जा रहे हैं। हाईकोर्ट ने ये टिप्पणियां हरियाणा सरकार की तरफ से पेश तस्वीरों के आधार पर की। वहीं पंजाब और हरियाणा को शुभकरण की मौत के मामले में एफआईआर दर्ज करने में देरी को लेकर कोर्ट की तरफ से फटकार लगाई गई। कोर्ट ने कहा कि पंजाब और हरियाणा सरकारें अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहीं।

## हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन ने अग्रोहा टीले की खुदाई को लेकर निकाय मंत्री का किया आभार व्यक्त



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन जिला हिसार व स्वैच्छिक सामाजिक संस्था 'सजग' ने अग्रोहा के टीले की खुदाई व अग्रोहा को विकसित करने को लेकर एएसआई और पुरातत्व विभाग के बीच हुआ समझौता ज्ञापन में अहम भूमिका निभाने पर शहरी निकाय मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता को आभार एवं प्रशस्तिपत्र भेंट किया। हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन जिला हिसार व स्वैच्छिक सामाजिक संस्था 'सजग' के अध्यक्ष वास्तु आर्किटेक्ट सत्य पाल अग्रवाल के नेतृत्व में दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों सत्य प्रकाश आर्य, रतन बंसल खेड़ा वाले, दुनीचंद गोयल, अनिल सिंगला मंगाली वाले द्वारा शहरी स्थानीय निकाय मंत्री को दिए गए आभार एवं प्रशस्तिपत्र में कहा गया है कि अग्रोहा को लेकर हुआ समझौता ज्ञापन एक अभूतपूर्व कदम है। अग्रोहा टीले की खुदाई करने, राखी गड़ी के तर्ज पर पुरातात्विक स्थल के रूप में विकसित करने, म्यूज़ियम बनाने, अग्रसेन मैडिकल कॉलेज में महाराजा अग्रसेन चेयर स्थापित करने, अग्रोहा धाम और राखीगढ़ी के लिए दिल्ली और चण्डीगढ से विशेष बसें चलाने, हिसार हवाई अड्डे में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित करने के निर्णय तथा अग्रोहा ग्लोबल सिटी बनाने की प्रस्तावित योजना से समूचे समाज में खुशी की लहर है। अग्रोहा विकास परियोजना का गठन व समझौता ज्ञापन अग्रोहा व हिसार के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। आभार एवं प्रशस्तिपत्र में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री एवं अग्रोहा विकास परियोजना के मनोनीत को-चेयरमैन डॉ. कमल गुप्ता सहित हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व विधानसभा अध्यक्ष एवं अग्रोहा विकास परियोजना के चेयरमैन ज्ञानचन्द गुप्ता का समूचे अग्रवाल वैश्य समाज की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा गया है कि इस टिले की खुदाई से अग्रोहा के गौरवपूर्ण इतिहास का पता चल सकेगा वहीं सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक रूप में अग्रोहा का महत्व बढ़ेगा इससे पर्यटन व ऐतिहासिक क्षेत्र के रुप में विकसित करने में समाज को कामयाबी मिलेगी और पूरे विश्व में क्षेत्र की एक विशेष पहचान स्थापित होगी।

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉफ्रेंसिग के माध्यम से किया विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

**पाठकपक्ष न्यूज**

**टोहाना, 7 मार्च :** प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हुआ है तथा हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मूलमंत्र पर चलते हुए बिना भेदभाव के प्रदेश के हर क्षेत्र में एक सम्मान विकास किया जा रहा है। विकास एवं पंचायत मंत्री वीरवार को बीडीपीओ ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप शिरकत कर नए पंचायत भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया व करोड़ों रुपये के विकास कार्यो का उद्घाटन व शिलान्यास किया। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने वीडियो कॉफ्रेंसिग के माध्यम से करोडो रूपये के विकास कार्यां की सौगात दी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 767.29 करोड़ रुपये की लागत के 375 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व 1961.93 करोड़ रुपये के 236 विकास परियोजनाओ का शिलान्यास किया।






# सम्पादकीय..........

## नकली दवा बेचने वाली कम्पनियों पर हो सख्ती कार्रवाई

देश में आए दिन नकली दवाइयों का भंडाफोड़ होना समाज के नजरिये से सुखद, पर प्रशासन के नजरिये से शर्मनाक है। सबसे दुखद है, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फिर एक नकली दवा कंपनी का पकड़ा जाना। नकली दवाओं का निर्माण जिस गति से गाजियाबाद में हो रहा था, उसकी निंदा के लिए शब्द कम पड़ जाएंगे। यह न केवल लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़, बल्कि देश के साथ शत्रुता के समान है। गाजियाबाद में पता नहीं कब से यह नकली दवा फैक्टरी चल रही थी, जहां रक्तचाप, मधुमेह और गैस की नकली दवाएं बनाई जा रही थीं। जाहिर है, यह कंपनी अपने बाजार प्रतिनिधियों के जोर पर अनेक चिकित्सकों को लुभावने प्रस्ताव देकर अपनी दवाओं को बेचती होगी। औषधि विभाग, क्राइम ब्रांच और पुलिस के हाथ तो महज 4.40 करोड़ रुपये की नकली दवाएं आई हैं, पर वास्तव में न जाने कितनी नकली दवाइयों की बिक्री यह कंपनी कर चुकी होगी। खैर, नकली दवा बनाने वाले फैक्टरी संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे ऐसी सजा मिलनी चाहिए कि दूसरों के लिए नजीर बन जाए। इसमें कोई शक नहीं है कि मिलावटखोरों या नकली उत्पाद बनाने वाले उद्यमियों के साथ हमारे देश में ढिलाई या उदारता बरती जाती है, इसलिए अपराधियों के हौसले बुलंद रहते हैं। किसी न किसी रसूखदार का सहारा लेकर ऐसे उद्यमी-अपराधी बचने के रास्ते निकाल लेते हैं। चूंकि भारत में आबादी ज्यादा है और उसी अनुपात में बीमारियां भी हैं, तो दवाओं की मांग यहां लगातार बनी रहती है। ऐसे में, कुछ दवा निर्माता कंपनियों का काम ही यही है कि ब्रांडेड दवाओं के नाम का लाभ उठाया जाए। दवा कारोबार में लाभ भी बहुत होता है, यह लाभ भी अपराधियों को दवा निर्माण के व्यवसाय में खींच लाता है। नकली दवाओं का मामला केवल एक राज्य या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। तेलंगाना का ताजा मामला गौर करने लायक है। तेलंगाना सरकार ने मेग लाइफ साइंसेज द्वारा निर्मित 33 लाख रुपये से ज्यादा की तीन दवाओं की जांच की है और उनमें दवा का कोई भी तत्व नहीं पाया है। राज्य के औषधि नियंत्रण प्रशासन ने कहा है कि इन तीनों नकली दवाओं में केवल चॉक पाउडर और स्टार्च मिला है। तेलंगाना में पकड़ में आई कंपनी ने कागज पर हिमाचल प्रदेश में मुख्यालय होने का दावा किया है, पर वास्तव में हिमाचल में ऐसी कोई कंपनी नहीं है। पता नहीं, ऐसी कितनी कंपनियां देश में चल रही हैं? पिछले सप्ताह ही तेलंगाना डीसीए और हैदराबाद पुलिस के संयुक्त अभियान के बाद उत्तराखंड में इसी तरह के एक नकली दवा रैकेट का भंडाफोड़ किया गया था, जिसमें चॉक पाउडर वाली नकली दवाओं को सिप्ला जैसी प्रतिष्ठित फार्मा कंपनियों की दवा के रूप में पेश किया जा रहा था। नकली दवाओं से शायद ही कोई राज्य अछूता है। पिछले महीने महाराष्ट्र में भी भारी मात्रा में नकली एंटीबायोटिक दवाओं को जब्त किया गया था। ऐसी कंपनियां अक्सर भ्रष्टाचार का सहारा लेकर सरकारी अस्पतालों में भी आपूर्ति करने में कामयाब हो जाती हैं। अब बड़ी नामी दवा कंपनियों को भी सतर्क रहना चाहिए। सुरक्षा एजेंसियों और औषधि नियामक संस्थाओं के साथ मिलकर दवा की दुनिया में विश्वास सुनिश्चित करने के लिए तमाम अच्छी-सच्ची कंपनियों को एकजुट हो जाना चाहिए। देश में विष बेच रहे दवा निर्माताओं के खिलाफ जितनी सख्ती बरती जाए, उतना अच्छा है।

# मुआवजा देने की बजाय किसानों को पोर्टलों में उलझा रही है सरकार : योगेश सिहाग



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** कांग्रेस जिला प्रवक्ता एडवोकेट योगेश सिहाग ने प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पर प्रदेश में हुई बेमौसमी बारिश और भारी ओलावृष्टि के कारण हिसार समेत अन्य कई जिलों में किसानों की खराब हुई फसल का मुआवजा देने बजाय परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर लगाई गई 5 एकड़ की शर्त किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को मुआवजा देने की गठबंधन सरकार की मंशा ही नहीं है। जिला प्रवक्ता एडवोकेट योगेश सिहाग ने कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार ने पोर्टल पर फसलों को ओलावृष्टि और बारिश से हुए नुकसान के लिए 15 मार्च तक का ही समय दिया है जिससे किसान बेहद परेशान है। बीजेपी सरकार जानबूझ कर किसानों को पोर्टलों में उलझाना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि किसानों को उनकी खराब हुई फसल का तुरंत 50 हजार रूपए प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जाए ताकि किसान अपनी आगे आने वाली फसल की तैयारी कर सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि किसानों को उनकी खराब हुई फसल का तुरंत 50 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जाए ताकि किसान अपनी आगे आने वाली फसल की तैयारी कर सके।

# जीवन के इस मूल सत्य को समझेंगे तभी आनंद मनाने का मिलेगा अवसर

**अध्यात्म**

ऐसा लगभग हर किसी के साथ होता है कि रोजमर्रा के कामों से उसे फुर्सत ही नहीं मिल पाती कि वह खुद के बारे में कुछ सोच-विचार करे। लेकिन जिस तरह से भोजन के लिए हम किसी ना किसी तरह से वक्त निकाल ही लेते हैं, उसी तरह हमें अपने बारे में विचार करने के लिए भी समय निकालना होगा। भोजन हमारी दैहिक क्षुधा की पूर्ति करता है। मगर जब हम अपने व्यस्त जीवन से कुछ पल निकाल कर मन को शांत करते हैं, तो चित्त से आवरण हट जाता है और हमारा सच्चा अस्तित्व प्रकट हो जाता है। वह अस्तित्व जो हमारी मूल प्रकृति है। वह अस्तित्व जो हम हैं, लेकिन जीवन की भागमभाग में उसको भुला देते हैं। व्यस्तता के बीच दो पल की सजगता हमें जीवन में आगे बढ़ने का साहस देती है। यह प्रतिदिन हमारे जीवित होने का, उसका आनंद मनाने का अवसर प्रदान करती है।

ऐसा लगभग हर किसी के साथ होता है कि रोजमर्रा के कामों से उसे फुर्सत ही नहीं मिल पाती कि वह खुद के बारे में कुछ सोच-विचार करे। लेकिन जिस तरह से भोजन के लिए हम किसी ना किसी तरह से वक्त निकाल ही लेते हैं, उसी तरह हमें अपने बारे में विचार करने के लिए भी समय निकालना होगा। भोजन हमारी दैहिक क्षुधा की पूर्ति करता है। मगर जब हम अपने व्यस्त जीवन से कुछ पल निकाल कर मन को शांत करते हैं, तो चित्त से आवरण हट जाता है और हमारा सच्चा अस्तित्व प्रकट हो जाता है। वह अस्तित्व जो हमारी मूल प्रकृति है। वह अस्तित्व जो हम हैं, लेकिन जीवन की भागमभाग में उसको भुला देते हैं। व्यस्तता के बीच दो पल की सजगता हमें जीवन में आगे बढ़ने का साहस देती है। यह प्रतिदिन हमारे जीवित होने का, उसका आनंद मनाने का अवसर प्रदान करती है।

ऋतुओं में बदलाव के साथ हम अपने अस्तित्व के स्वर की अनुभूति कर सकते हैं। हरेक बदलाव के बीच हमारा अस्तित्व ठहरा हुआ है। वसंत आता है, तो कलियां खिलती हैं, फिर पतझड़ में सारे पत्त गिर जाते हैं। यह प्राकृतिक रूप में आगे बढ़ता जाता है। वास्तव में हम जिसको वसंत, पतझड़ और शरद या हेमंत कहते हैं, उसका वास्तविक अस्तित्व उसके महसूस करने में ही निहित है। मुक्त मन से हर रोज के सत्य को महसूस करना ही अस्तित्व का स्मरण है। आकाश नीला है, नदी का पानी सफेद, फूल का रंग पीला है। ये सभी अवयव अपनी मूल प्रकृति को प्रकट करते हैं। क्या हम इनसे यह सीख लेकर अपने स्वाभाविक स्वरूप की अनुभूति करते हैं? क्या हम अपने दैनिक जीवन में उस मौलिक स्वरूप को प्रकट करते हैं? यह सीखना होगा कि संसार परिवर्तनशील है, लेकिन कुछ चीजें हैं जो हमेशा मौजूद रहती हैं। बदलाव के बीच उस सत्य को सदैव महसूस करते रहना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

**फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**

# हमें अपने कर्तव्य को निभाते-निभाते अपनी भावनाओं एवं संस्कारों का भी ध्यान रखना चाहिए : गुंजन गोयल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** स्थानीय फतेहचन्द महिला महाविद्यालय, हिसार में महिला प्रकोष्ठ इकाई, समाज शास्त्र विभाग एवं राजनीतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त सौजन्य से अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने नारायणी कल्याण समिति की फाउंडर गुंजन गोयल का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए कहा कि हमें अपने आप को भाग्यशाली समझना चाहिए कि हमें पढ़ने-पढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ है। हमें अनेक एन.जी.ओ. से जुड़कर समाज के उन लोगों की सहायता करना चाहिए जिन्हें पढ़ने का अवसर प्राप्त नहीं हुआ। मुख्य वक्ता श्रीमती गुंजन गोयल ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें अपने कर्तव्य को निभाते-निभाते अपनी भावनाओं एवं संस्कारों का भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने एक कथा के माध्यम से छात्राओं को बताया कि हमारे विचार और सोच ही हमारी परिस्थितियों को बनाती है। उन्होंने कहा कि माता-पिता का बंधन हमारे लिए बहुत आवश्यक है। जिन बागों के माली नहीं होते वे बाग जल्दी ही उजड़ जाते है। इसी प्रकार हमारी देखभाल करने के लिए बंधन होना आवश्यक है। अंत में प्राचार्या महोदया ने श्रीमती गुंजन गोयल को पुष्प देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित था।

# खेल नर्सरी खोलने के लिए 15 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** हरियाणा सरकार प्रदेश में नई खेल प्रतिभाओं को उभारने के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है, जिसके लिए सरकार की ओर से खेल नर्सरी योजना शुरू की गई है। यह जानकारी देते हुए एक प्रवक्ता ने बताया कि खेल और युवा कार्यक्रम विभाग की ओर से खेल नर्सरी योजना के तहत सरकारी, निजी शिक्षण संस्थानों, पंचायत एवं निजी खेल संस्थानों से खेल नर्सरी स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य राज्य में प्रारंभिक रूप से खेलों को बढ़ावा देने तथा ग्रास रूट लेवल पर खेल प्रतिभाओं को उभारना है। खेल नर्सरी योजना के तहत खेल नर्सरी ओलंपिक, एशियन व कॉमनवेल्थ गे स में सम्मिलित खेलों के लिए ही खोली जा सकेंगी, जिसके लिए इच्छुक संस्थान खेल विभाग हरियाणा के पोर्टल https://haryanasports.gov.in/ पर 15 मार्च 2024 तक तक आवेदन कर सकते हैं।

# सुण मौल्लड़ की



आजकल शहरों में नारियल बहुत फोड़े जा रहे हैं।

दु:ख म्ह सिमरण सब करैं....

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी। राजकीय मामलों में पक्ष मजबूत होगा। कैरियर में बेहतर सफलता मिलेगी।
**वृषभ :** सामाजिक कार्यों में शामिल होंगे। जरूरतमंदों की सहायता करेंगे। उच्चवर्गीय लोगों का साथ प्राप्त होगा।
**मिथुन :** किसी बात को लेकर प्रियजन से कहासुनी हो सकती है। तनाव रहने से मन खिन्न रहेगा। हो सके तो यात्रा को टाल दें। काली माता की पूजा करें।
**कर्क :** जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता रहेगी। कारोबारी यात्रा से लाभ होगा। नए कार्यों के अवसर प्राप्त होंगे।
**सिंह :** मन में अंजाना भय बना रहेगा। शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। भगवान विष्णु जी की पूजा करें।
**कन्या :** योग्यता के बल पर सफलता हासिल करेंगे। नई योजनाओं की शुरूआत लाभकारी रहेगी। बौद्धिक कार्य से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा।
**तुला :** हृदय रोगी विशेष सावधानी रखें। धोखा होने की संभावना। तनाव की स्थिति में फैसला लेना मुश्किल होगा। भगवान शिव जी की पूजा करें।
**वृश्चिक :** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी व बच्चों का सहयोग प्राप्त होगा। योजनाओं की रूपरेखा बन सकती है।
**धनु :** अप्रत्याशित रूप से धन लाभ होगा। बातचीत में नरमी बरतें। पड़ोसियों के साथ कहासुनी हो सकती है।
**मकर :** अनुभवी लोगों का साथ प्राप्त होगा। राह में आ रही मुश्किलें सूझ-बूझ से हल करेंगे। भावनात्मक संबंधों में चल रहा मतभेद दूर होगा।
**कुंभ :** मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव रहेगा। व्यर्थ के कार्यों में समय व धन खर्च होगा। किसी बहुमूल्य वस्तु की खरीददारी न करें। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।
**मीन :** लम्बे समय से चले आ रहे अधूरे कार्य पूरे होंगे। लेखन के कार्य से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ रहेगा। मूड़ रोमांटिक बना रहेगा।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

**कर्म का मर्म**

# इसलिए सिकंदर नहीं चाहता था कि विद्वान अरस्तु लिखें कोई किताब



बात उन दिनों की है, जब सिकंदर मकदूनिया में ही था और युवावस्था के करीब था। उसका स्वभाव तो बेहद शांत था, लेकिन वह जो ठान लेता, उसे करके ही मानता था। उसका स्वभाव देखते हुए पिता फिलिप ने उसे किसी मामूली शिक्षक के भरोसे छोड़ देना ठीक ना समझा। उसने अपने समय के सबसे बड़े विद्वान अरस्तु को बुलवा भेजा और भरपूर पुरस्कार देते हुए उन्हें सिकंदर की शिक्षा का भार सौंपा। अरस्तु ने सिकंदर को नीतिशास्त्र और राजनीति विज्ञान की शिक्षा दी। उन्होंने उन बेहद कठिन सिद्धांतों के बारे में भी उसे बताया, जिसे उस समय के दार्शनिक लोग महज अपने दो-चार चुने हुए शिष्यों को ही बताया करते थे, वह भी मुंहजबानी। शिक्षा प्राप्त करने के बाद सिकंदर विश्व विजय के अपने अभियान पर निकल गया। जब सिकंदर एशिया में था, उसे खबर मिली कि अरस्तू ने उन सिद्धांतों पर कुछ किताबें लिखी हैं। किताब आने की बात सुनकर सिकंदर ने तुरंत अरस्तु को पत्र लिखकर कहा, 'आपने अपने उन सिद्धांतों को पुस्तक रूप में लाकर अच्छा नहीं किया। जो बातें सिर्फ मुझे ही बताई गई थीं, अगर वे सबके लिए सुलभ कर दी गईं, तो फिर मेरी शिक्षा और दूसरों की शिक्षा में अंतर ही क्या रह जाएगा?' सिकंदर ने लिखा, 'मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि राज्य का विस्तार करने से ज्यादा महत्वपूर्ण मेरे लिए यह है कि दुनिया में ज्ञान की जितनी भी बातें हैं, उनमें मुझे कोई मात ना दे सके।' अरस्तु को जब यह पत्र मिला तो अपने शिष्य की शंका का समाधान करते हुए उन्होंने लिख भेजा कि 'मेरी पुस्तकें आ गई हैं और नहीं भी आई हैं। इन पुस्तकों को वही समझ पाएगा, जिसे मैंने ये सिद्धांत समझाए हैं। बाकियों के लिए ये कोरी किताबें हैं।' बहुत कम लोग जानते हैं कि अरस्तु की इन पुस्तकों में मेटाफिजिक्स की गुत्थियां थीं जिनसे सिकंदर पहले ही अवगत हो चुका था।

# भाजपा के दबाव के चलते एसबीआई नहीं देर रहा इलेक्ट्रोल बॉड की जानकारी : दलबीर किरमारा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** आम आदमी पार्टी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने एसबीआई बैंक द्वारा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार इलेक्ट्रोल बॉड की जानकारी न दिए को भाजपा सरकार के दबाव का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार के दबाव में एसबीआई ने जून तक का समय मांगकर साबित कर दिया है कि न केवल वह दबाव में है बल्कि चुनावी चंदे के खेल में भाजपा पूरी तरह से लिप्त है और अपने कारनामें छिपाने के प्रयास में है। दलबीर किरमारा ने कहा कि आधुनिक तकनीक के युग में जब सब कुछ एक क्लिक पर उपलब्ध है तो एसबीआई के पास चुनावी बॉड की जानकारी तुरंत न होना निश्चय ही उसकी विश्वनीयता पर सवालिया निशान लगा रही है। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई को केवल 22 हजार 217 इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देनी है, जो बहुत ज्यादा नहीं है लेकिन इसमें लिए उसे पांच माह का समय क्यों चाहिए, यह समझ से परे है।

# निमेटोड को नियन्त्रण करने में कारगर साबित होंगे सिल्वर नैनोकण : प्रो. काम्बोज

## हकृवि को मुलेठी के सिल्वर नैनोकणों को बनाने की विधि पर मिला पेटेंट



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को मुलेठी (वेरायटी एचएम-1) का उपयोग करके सिल्वर नैनोकण बनाने की विधि पर भारतीय पेटेंट कार्यालय द्वारा पेटेंट प्रदान किया गया है। इस विधि को विश्वविद्यालय के आणविक जीव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी और जैव सूचना विज्ञान विभाग (एम.बी.बी.एंड बी) की पूर्व विभागाध्यक्षा डॉ. पुष्पा खरब के नेतृत्व में उनके पीएचडी शोधार्थियों डॉ. कनिका रानी और डॉ. निशा देवी ने विकसित किया है। इस विधि को पेटेंट अधिनियम 1970 के अंतर्गत 20 वर्ष की अवधि के लिए 486872 संख्या से पेटेंट अनुदत किया गया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए कहा कि पॉलीहाऊस, ग्रीनहाउस, बागवानी व सब्जियों में रूट नॉट निमेटोड (जड़-गांठ सूत्रकृमि) के संक्रमण से बहुत अधिक नुकसान देखा गया है। पॉलीहाउस में नियंत्रित पर्यावरणीय परिस्थितियों के कारण निमेटोड की आबादी में वृद्धि हो जाती है और इनकी अत्याधिक संक्रमण दर के कारण कोई फसल नहीं उग पाती है। जिसकी वजह से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए हमने मुलेठी द्वारा निर्मित इन सिल्वर नैनोकणों को रूट नॉट निमेटोड पर टेस्ट किया। इस कार्य के लिए सूत्रकृमि विभाग के वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश बानाकर का सहयोग लिया गया। शोधार्थियों ने यह जांच पहले लैब में, फिर स्क्रीन हाऊस में की, दोनों ही केस में मुलेठी द्वारा निर्मित सिल्वर नैनोकण रूट नॉट निमेटोड को मारने में सक्षम पाए गए, इससे संबंधित और शोध कार्य जारी है।

प्रो. काम्बोज ने बताया कि कमर्शियल केमिकल नेमैटिसाइड (वाणिज्यिक रासायनिक सूत्रकृमिनाशक) की तुलना में मुलेठी द्वारा निर्मित सिल्वर नैनोकणों की बहुत कम मात्रा ही सूत्रकृमिनाशक के रूप में प्रयाप्त पाई गई। इसलिए इन सिल्वर नैनोकणों को विभिन्न कृषि फसलों के लिए उपयोग किया जा सकता है। विश्वविद्यालय द्वारा इजाद की गई सिल्वर नैनोकण बनाने की यह विधि प्रभावी, किफायती और स्थिर है।

इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व एसवीसी कपिल अरोड़ा उपस्थित रहे।

### यह सिल्वर नैनोकण एक साल से अधिक समय तक स्थिर पाए गए है

विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने कहा कि यह पेटेंट मुलेठी (वेरायटी एच.एम-1) के मूल अर्क का उपयोग करके उसे सिल्वर नैनोकणों में परिवर्तित करने की बेहतर विधि है। यह सिल्वर नैनोकण एक साल से अधिक समय तक स्थिर पाए गए है। इन नैनोकणों में नेमैटिसाइडल (सूत्रकृमिनाशक) क्षमता की जांच इन विट्रो व इन विवो स्थितियों में भी की गई थी।

### मुलेठी द्वारा निर्मित सिल्वर नैनोकणों के फायदे

पौधों के इस्तेमाल से नैनो कणों को बनाने की विधि में केमिकल्स का कम उपयोग होता है और कोई अतिरिक्त जहरीला अवशेष भी नहीं बनता है। मुलेठी के इस्तेमाल से बनाए गए हमारे सिल्वर नैनोकण निमेटोड को मारने में सक्षम पाए गए है। किसान मुलेठी आधारित इन सिल्वर नैनो कणों का उपयोग निमेटोड संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए कर सकता है, जिसकी वजह से लगभग सभी खेती वाली फसलों की उपज और गुणवत्ता को गंभीर नुकसान पहुंचता है।

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art

राम
muse-II
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar



Multi Designer Store
प्लस साईज है तो अपनाएं ये फैशन टिप्स :
1. लेयरिंग वाले कपड़े न डालें।
2. स्लिम लुक पाने के लिए काले और नेवी ब्लू जैसे गहरे रंग का उपयोग करें।
3. योक लाईन से बचें। फैशन टिप्स के लिए फोन करें : 8222035555

हरियाणा सरकार



“केंद्र और राज्य में डबल इंजन सरकार की ताकत हरियाणा को तेज़ी से आगे बढ़ा रही है। कोई भी सेक्टर हो, जैसे ही उसमें सामूहिक शक्ति जुटती है, सबका प्रयास नजर आने लगता है, तो परिवर्तन की गति भी बढ़ जाती है।”

– नरेन्द्र मोदी

# हरियाणा की जनता को ₹3600 करोड़ से अधिक की 679 परियोजनाओं की सौगात

## श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री, हरियाणा

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे

₹3600 करोड़ से अधिक की लागत से 679 नई परियोजनाएं

**उद्घाटन**

लागत ₹938 करोड़

परियोजनाएं 392

**शिलान्यास**

लागत ₹2688 करोड़

परियोजनाएं 287

7 मार्च, 2024 | प्रातः 11:00 बजे

इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम, सैक्टर 5, पंचकूला

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सुशासन ही आधार, डबल इंजन हरियाणा सरकार

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गांव मंगाली सुरतिया, अग्रोहा व पंचायत भवन हिसार में लखपति दीदी कार्यक्रम आयोजित, स्वयं सहायता समूह की लखपति महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गांव मंगाली सुरतिया में आयोजित लखपति दीदी कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी वर्चुअल रूप से कार्यक्रम को संबोधित किया। निकाय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश में करीब पांच हजार बहनों को ड्रोन की ट्रेनिंग देने की घोषणा की है, इन्हें ड्रोन दीदी कहा जाएगा। इस संदर्भ में 200 बहनों को ड्रोन उपलब्ध करा कर काम भी दिला दिया गया है। जो बहनें रसोई तक सीमित थी वो अब ड्रोन तकनीकें सीख रही हैं। इनमें से 102 महिलाओं को ट्रेनिंग देकर सरकारी विभागों में रोजगार उपलब्ध करवाया गया है। लखपति बनने के बाद वो पूरे परिवार को सपोर्ट करती हैं। महिलाओं के लिए सांझा बाजार करनाल व फतेहाबाद में तैयार किया जा रहा है, जहां महिलाएं अपने तैयार किए गए उत्पादों को बेच सकेंगी। सरकार द्वारा राज्य में कुल 32 महिला थाने तथा हर 20 किलोमीटर में एक महिला कॉलेज की स्थापना कर महिलाओं के लिए शिक्षा, सुरक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में अद्भुत कार्य किए हैं।

### लखपति दीदी योजना के तहत स्वयं सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिलाओं को प्रदान किया जाएगा कौशल प्रशिक्षण

जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग व उपायुक्त उत्तम सिंह ने पंचायत भवन में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में शिरकत कर की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबी बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। सरकार द्वारा पूरे देश में स्वयं सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ताकि वह प्रति वर्ष एक लाख रुपए से अधिक कमा सकें।

**लखपति दीदी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना**

पूर्व मेयर गौतम सरदाना ने अग्रोहा बीपीओ कार्यालय में आयोजित लखपति दीदी कार्यक्रम में उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कहा कि लखपति दीदी महासम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर बनाना है। सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हाल ही में लखपति दीदी पहल कार्यक्रम की शुरूआत की गई है जिसमें स्वयं सहायता समूह की ऐसी महिलाओं को चिन्हित किया जाना है जिन्होने स्वयं सहायता समूहों में जुड़कर विभिन्न रोजगार शुरू करके अपने परिवार की आमदनी सालाना एक लाख रुपये व इससे अधिक तक बढ़ोतरी की गई है। ऐसी महिलाओं को विभिन्न प्रकार के रोजगार की जानकारी उपलब्ध करवाते हुए उनको प्रशिक्षण दिया जाना है ताकि महिलाएं अपनी आजीविका में बढ़ोतरी कर सके। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की 8 लखपति महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज कुमार, भाजपा नेता नरेश नैन, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अशोक कुमार, एसईपीओ कुलबीर नैन, एचएसआरएलएम सुदेश, सुखबीर सिंह, सिवानी बोलान रोहताश, आदि उपस्थित थे।

## सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु लखपति दीदी योजना एक नई पहल : डिप्टी स्पीकर

***पाठकपक्ष न्यूज***

***हिसार, 7 मार्च :*** *डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नारी शक्ति के उत्थान का संकल्प लिया है। महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबी बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। सरकार द्वारा पूरे देश में स्वयं सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि वह प्रति वर्ष एक लाख रुपए से अधिक कमा सकें। वे बुधवार को गांव चौधरीवास में आयोजित लखपति दीदी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल कार्यक्रम का इस अवसर पर सीधा प्रसारण को बड़ी स्क्रीन पर दिखाया व सुनाया गया। कार्यक्रम में ड्रोन दीदी सीमा रानी ने ड्रोन उड़ाकर दिखाया और उस पर किस प्रकार से काम कर सकते है, इसकी विस्तृत जानकारी दी। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए एक कदम और आगे बढ़ते हुए ड्रोन लखपति दीदी योजना शुरू की है। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, ब्लॉक समिति चेयरमैन अजय गावड़, ब्लॉक समिति मेंबर सुरज पंघाल, गांव के सरपंच अशोक, सरपंच बलजीत, दीपक पातन, संदीप सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।*

*महिलाओं को लखपति बनाने की योजना प्रधानमंत्री मोदी की अनूठी सोच*

## बरवाला में सैकड़ों महिलाओं ने देखा शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत करनाल में आयोजित लखपति दीदी महासम्मेलन का लाइव प्रसारण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**बरवाला, 7 मार्च :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की है और इसके लिए सरकार ने अनेकों योजनाएं शुरू की हैं। इन्हीं योजनाओं में से एक है लखपति दीदी योजना। यह बात बुधवार को पूर्व विधायक वेद नारंग तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के जिला संयोजक रणधीर सिंह धीरू ने बरवाला में शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत करनाल में आयोजित लखपति दीदी महासम्मेलन का लाइव प्रसारण देखने उपरांत समारोह में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्पना कर महिलाओं के लिए योजनाएं बनाई हैं। ये विचार उनके ही मन में आया कि महिलाओं को लखपति बनाया जाए। इसलिए योजना का नाम भी लखपति दीदी रखा है। ये अनूठी सोच और पहल है। इससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी महिलाओं को आर्थिक सशक्त बनाने के लिए कदम उठा रही है। इसके लिए सरकार ने योजना बनाई है कि प्रदेश में करीब पांच हजार बहनों को ड्रोन की ट्रेनिंग दी जाएगी, इन्हें ड्रोन दीदी बनाएंगे। इस संदर्भ में 200 बहनों को ड्रोन उपलब्ध करा कर काम भी दिला दिया गया है। इस अवसर पर साधुराम जाखड़, जिला पार्षद दर्शन गिरी, ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप घणघस, वाइस चेयरमैन विकास सोनी, एसईपीओ ओमप्रकाश, एसडीओ राजेंद्र, प्रवीन सैनी, राजकुमार, देशराज वर्मा, मनोज रहेजा, राजू नारंग, रविंद्र कुमार, राजबीर सरपंच व रामपाल सरपंच आदि भी उपस्थित रहे।

## राष्ट्र निर्माण में समाजसेवियों का योगदान महत्वपूर्ण : डॉ. रमेश आर्य

**- हर मनुष्य के पास कुछ कर पाने की असीमित क्षमतायें है : अग्रवाल**
**- सत्यपाल अग्रवाल ने छात्राओं को हैप्पीनेस पर दिए टिप्स**
**- सत्यपाल अग्रवाल सहित 6 समाजसेवियों को किया गया सम्मानित**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** राजकीय महिला महाविद्यालय द्वारा धांसू गांव में आयोजित एनएसएस कैंप में शहर के विभिन्न समाजसेवियों को सम्मानित किया गया जिनमें हैप्पीनेस पर कार्य करने हेतु सजग के प्रदेशाध्यक्ष वास्तु एवं लाइफ काउंसलर सत्य पाल अग्रवाल, जरुरतमंद कन्याओं के वेलफेयर हेतु कार्यरत संस्था लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल सिंगला मंगाली वाले, अनेक संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी दुनी चंद गोयल व रामपाल चौहान सहित धांसू स्कूल के प्राचार्य बेनीवाल व गांव के सरपंच प्रतिनिधि सुरजीत सिंह को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रमेश आर्य, कार्यक्रम अधिकारी शाईना तहरिया व हिना पाहूजा ने वातावरण में आक्सीजन प्रदान करने वाले पौधे भेंट कर सम्मानित किया। कैंप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रमेश आर्य ने कहा कि समाजसेवियों का राष्ट्र निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है एनएसएस कैंप में विद्यार्थियों में समाज कल्याण व राष्ट्र भावना विकसित होती है और ऐसे कैंप राष्ट्र को समाजसेवी प्रदान करते हैं। कैंप में सजग के प्रदेशाध्यक्ष वस्तु एवं लाइफ काउंसलर सत्य पाल अग्रवाल ने छात्राओं को हैप्पीनेस पर टिप्स देते हुए कहा कि हर मनुष्य में असीमित क्षमताओं का भंडार है जिनकी बदौलत मनुष्य जीवन में कुछ भी पा सकता है और कुछ भी बन सकता है, केवल आवश्यकता है उन क्षमताओं के प्रति सजग होने व उन पर दृढ़ इच्छा शक्ति से कार्य करने की। कैंप में महाविद्यालय की स्टाफ सदस्य, छात्राओं व अनेक ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## ओ.एस.जी.यू. में होगा 8 और 9 मार्च को जॉब फेयर, आप भी बन सकते है जॉब फेयर का हिस्सा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय में 8 और 9 मार्च को पूल कैंपस नाम से जॉब फेयर का भव्य आयोजन किया जा रहा है। विश्विद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने बताया कि विश्विद्यालय में पिछले साल की तरह इस बार भी जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है और इस बार के जॉब फेयर में 110 से ज्यादा कंपनी विद्यार्थियों की स्किल्स और उनकी नॉलेज के आधार पर उन्हें जॉब ऑफर करेंगी। प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने बताया की इस जॉब फेयर का मकसद युवाओं को रोजगार उपलब्ध करना है। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय युवाओं को एक बेहतरीन मौका दे रही है की युवा अपनी स्किल्स और मेहनत के जरिए नौकरी प्राप्त कर सकते है। इस जॉब फेयर की खास बात यह भी है की विश्विद्यालय के विद्यार्थी और पूरे हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों के विद्यार्थी भी इस जॉब फेयर का हिस्सा बन सकते है। जो युवा इस जॉब फेयर के हिस्सा बनने में रुचि रखते है वह अपना रजिस्ट्रेशन ओ.एस.जी.यू की वेबसाइट (www.osgu.ac.in) पर जाकर अपना नाम निशुल्क रजिस्ट्रर करवा सकते है। विश्विद्यालय के कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक ने विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया और विश्विद्यालय के प्रति-कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर से खास बातचीत के दौरान उन्होंने कहा की जॉब फेयर की तैयारियां जोरो-शोरो से चल रही है और ओ.एस.जी.यू सभी युवाओं को इस जॉब फेयर के लिए निमंत्रण देता है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के डीन डॉ अमित नांदल इस जॉब फेयर के संचालक रहेंगे, उन्होंने कहा की ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय देश के युवाओं को रोजगार दिलवाने में अहम भूमिका अदा कर रहा है।

## बसपा की सर्वजन हिताय और सुखाय संकल्प रथ यात्रा का छठा दिन, कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**कुरूक्षेत्र, 7 मार्च :** बहुजन नायक मान्यवर साहेब कांशीराम जी के सम्मान और बहन कुमारी मायावती के मार्गदर्शन में बसपा द्वारा संचालित सर्वजन हिताय और सुखाय संकल्प रथ यात्रा की शुरुआत1 मार्च से हो चुकी है। यात्रा के छठे दिन की शुरुआत कुरुक्षेत्र के कालवान से हुई। छठे दिन की यात्रा में बहुजन समाज पार्टी हरियाणा के मुख्य प्रभारी कुलदीप बाल्यान, प्रदेश प्रभारी सुमेर जांगड़ा, प्रदेश सचिव राम सिंह प्रजापति, डॉ. प्रदीप अंबेडकर व हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष राजबीर सोरखी मौजूद रहे। इसके साथ सभी जिला पदाधिकारी और अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। यात्रा को हरियाणा प्रदेश का भरपूर जन समर्थन मिल रहा है। छठे दिन यात्रा कुरुक्षेत्र लोकसभा के धमतान साहिब, डुमरखा, उचाना, पटियाला चौक, कैथल, कमौद व डॉ.भीमराव अंबेडकर चौक के बीच रही। छठे दिन यात्रा का समापन कुरुक्षेत्र जिले के पिपली यूथ हॉस्टल में हुआ। यात्रा के दौरान हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष राजबीर सोरखी ने कहा कि बसपा इस संकल्प यात्रा के द्वारा जमीनी स्तर पर उतारकर जनता की आवाज उठा रही है। प्रदेश की खस्ताहालत में सुधार करने और अन्याय को मिटाने के लिए बसपा, हरियाणा के सभी 10 लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ेगी और बहन कुमारी मायावती को प्रधानमंत्री बनाएगी।

## पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति हरियाणा हिसार ने 8 मार्च दिल्ली पैदल कूच एमएसपी व अन्य किसानी मुद्दों को लेकर किया अनेकों गांव का दौरा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की हरियाणा 8 मार्च को क्रांतिमान पार्क हिसार से पैदल दिल्ली कूच को लेकर सभी फसलों एमएसपी, किसान मजदूर की पूर्ण कर्ज माफ़ी, भारत अपने आप को डब्ल्यूटीओ से बहार करे, किसानों पर सभी मुकदमे वापिस हो, लखीमपुर खीरी में शहीद किसानों को न्याय मिले, सभी फसलों का मुआवजा व बीमा बकाया क्लेम व शहीद किसान शुभकरण की हत्या और किसानों पर गंभीर चोट मारने वाले दोषी अधिकारियो पर कार्यवाही को लेकर पैदल कूच में हिसार जिले के हर गांव से किसान शामिल होंगे। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति जिला हिसार की एक टीम जनरल सेक्टरी संदीप सिवाच, राज्य कमेटी मैंबर सारज भुल्लर लुदास, अग्रोहा ब्लॉक प्रधान केडी अग्रोहा, परमजीत जाखड़, बरवाला ब्लॉक प्रधान सोनू चहल बोबुआ, मोनू सुलखनी, विक्की, दिलबाग, रतन सिंह ने आज कल्लरभेणी, हसनगढ़, बोबुआ, छान, संधलाना, साबरवास व किरमारा गावों का दौरा किया और पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति हरियाणा हिसार की दूसरी टीम जिला प्रधान सतीश बेनीवाल, राज्य कमेटी मैंबर अनिल गोरछी, इकाई प्रधान कुलदीप नंबरदार गावड़, विकास मूंदलिया गावड़, हिसार द्वितीय ब्लॉक उपप्रधान आत्मा राम पातन इकाई प्रधान उदय देवा, मुकेश डाया, संजय डाया, प्रधान जसबीर डाया ने आज केमरी, मिरका, डाया, स्याडवा, चिड़ोद, देवा, मुकलान, भेरिया व गावड़ गांव का दौरा किया और पगड़ी संभाल जट्टा की तीसरी टीम हैप्पी बेनीवाल, भाई अनिल ठुईया, दलबीर सिंह ढाबी, भाई दीपक भांभू ने आज ठुईया, ढाबी व गदली जाटान गांव का दौरा किया। गांव के किसानो को सयुक्त मोर्चा 14 मार्च दिल्ली रामलीला में होने वाली पंचायत को लेकर हिसार क्रांति मान पार्क से 8 मार्च को दिल्ली पैदल कूच के लिए अपील की।

## पहलवान संग्राम सिंह की नयी फिल्म 'उड़ान जिंदगी की' अब ओटीटी चौपाल पर स्ट्रीम हो रही है!

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** हमारे हरियाणवी दर्शकों के लिए बड़ी खुशखबरी! प्रसिद्ध और मशहूर पहलवान संग्राम सिंह अभिनीत फिल्म 'उड़ान जिंदगी की' अब बहुभाषी मंच चौपाल पर।

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि प्रसिद्ध पहलवान, अभिनेता और प्रेरक वक्ता संग्राम सिंह ने बिग बॉस 7, सर्वाइवर इंडिया और नच बलिए 7 जैसे लोकप्रिय रियलिटी शो में अपने वास्तविक और आकर्षक व्यक्तित्व से जनता का स्नेह हासिल किया। फिर एक गर्व का क्षण आया भारत के लिए जब छह साल बाद संग्राम सिंह ने 24 फरवरी को दुबई में इंटरनेशनल प्रो रेसलिंग चैंपियनशिप में कुश्ती मैच जीता। उनकी ईमानदारी और प्रामाणिकता से दुनिया भर के दर्शकों से उन्हें प्यार मिला। जिससे वे मनोरंजन उद्योग में एक प्रिय व्यक्ति बन गए और इस बार वह अपनी नवीनतम फिल्म के माध्यम से आप सब का फिर से मनोरंजन करने की खातिर तैयार हैं।

'उड़ान जिंदगी की' एक पिता और बेटे की कहानी है। बेटा खेल (कुश्ती) में आगे बढ़ने का सपना देखता है, लेकिन उसके पिता का कहना है कि वह इसके बदले अच्छे वेतन वाली सरकारी नौकरी ढूंढे। आखिरकार काफी संघर्षों के बाद उनके पिता अपने बेटे के कुश्ती के प्रति जुनून से सहमत हो गए। यह पारिवारिक संबंधों और सपनों का पीछा करने के बारे में एक मार्मिक और प्रेरक फिल्म है जिसे सभी आयु वर्ग के लोगों को देखना चाहिए।




फिल्म का निर्देशन और लेखन दीपक हुडा ने किया है और फिल्म में संग्राम सिंह के साथ मशहूर कलाकार अंजलि राघव, नवीन ओलह्यान और शशि भी हैं।

अजयवीर सिंह जो चौपाल के कंटेंट हेड हैं, ने टिप्पणी की कि 'चौपाल हरियाणवी दर्शकों के लिए साल की सबसे बड़ी हिट पेश करने के लिए उत्साहित है। 'उड़ान जिंदगी की' आपको प्रेरित और भावुक कर देगी और यह आपके परिवार के साथ देखने के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। इस साल चौपाल के लिए यह सिर्फ शुरुआत है, क्योंकि हमने सभी के आनंद के लिए और भी शानदार फिल्मों की योजना बनाई है।'

प्रसिद्ध पहलवान, अभिनेता और प्रेरक वक्ता संग्राम सिंह ने कहा, 'मैं रोमांचित हूं कि मेरी फिल्म 'उड़ान जिंदगी की' अब चौपाल पर आ रही है। दुबई में अपना हालिया मैच जीतने के बाद यह मेरे लिए एक और बड़ी जीत है, क्योंकि मेरे व्यक्तित्व का एक और पहलू दुनिया भर में मेरे प्रिय दर्शकों द्वारा देखा जा सकता है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे अपने दोस्तों और परिवार के साथ इस प्रेरक फिल्म को देखें।'

चौपाल तीन भाषाओं पंजाबी, हरियाणवी और भोजपुरी में आपकी सभी नवीनतम और लोकप्रिय वेब सीरीज और फिल्मों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है। गड्डी जांदी ए छलांग मारदी (पंजाबी), शिकारी (पंजाबी), कैरी ऑन जट्टा 3 (पंजाबी), आउटलॉ (पंजाबी), पूर्वांचल (भोजपुरी), लंका में डंका (भोजपुरी), रोमियो राजा (भोजपुरी), उड़ान जिंदगी की (हरियाणवी), डीजे वाले बाबू (हरियाणवी), बलाए (हरियाणवी), स्कैम (हरियाणवी) आदि कुछ नाम ऐसे नाम हैं जो बेहतरीन कंटेंट में शामिल हैं। चौपाल आपका सर्वोत्तम मनोरंजन ऐप है क्योंकि यह विज्ञापन-मुक्त है, इसे ऑफ़लाइन देख सकते हैं और एक से अधिक प्रोफ़ाइल बना सकते हैं। साथ ही बिना किसी अवरोध के दुनिया भर में निरंतर और असीमित मनोरंजन का लाभ उठा सकते हैं।

मनोरंजन से जुड़ी और अधिक खबर यहां देखें https://blog.chaupal.com/

# जिंदल स्टेनलेस ने हरियाणा नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों में जीता प्रथम पुरस्कार

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** जिंदल स्टेनलेस ने राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार में प्रथम पुरस्कार जीता है। यह पुरस्कार वर्ष 2022-23 की अवधि के लिए समग्र संयंत्र में क्रियान्वित ऊर्जा के प्रभावी उपयोग हेतु '1 मेगावाट से ऊपर के उद्योग' श्रेणी के तहत मिला है। पुरस्कार समारोह हाल ही में चंडीगढ़ में हरियाणा सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के अंतर्गत हरियाणा नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (एचएआरईडीए) द्वारा आयोजित किया गया था। हरियाणा सरकार के माननीय ऊर्जा और जेल मंत्री, श्री रणजीत सिंह द्वारा ब्रिटिश उच्चायुक्त, चंडीगढ़, कैरोलीन रोवेट और ऊर्जा विभाग, हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव, श्री ए.के. सिंह की उपस्थिति में यह पुरस्कार जिंदल स्टेनलेस की टीम को प्रदान किया गया। राज्य की 100 से अधिक कंपनियों ने इस श्रेणी में अपनी प्रतिस्पर्धा दर्ज की।



जिंदल स्टेनलेस हिसार को यह उपलब्धि समर्पित करते हुए, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और इकाई प्रमुख, श्री विजय कुमार बिंदलिश ने कहा, 'परिचालन प्रक्रियाओं में प्रयुक्त सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा दक्षता और संरक्षण रणनीतियाँ एक हरित, एवं अधिक स्थिर विश्व के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। हम अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को नवाचार, स्वदेशीकरण और कर्मचारी जागरूकता के साथ जोड़ते हैं। हम अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं को उनके सभी पहलुओं में सतत एवं स्थिर बनाने के लिए सचेत प्रयास कर रहे हैं।'

कंपनी की ऊर्जा-कुशल रणनीति उत्पादन प्रक्रिया के हर चरण में विभिन्न हरित प्रयासों के सफल कार्यान्वयन पर आधारित है। ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट की हालिया कमीशनिंग जो कि स्टेनलेस स्टील निर्माण में ग्रीन हाइड्रोजन के पहले उपयोग का प्रतीक है, इसी दिशा में एक अग्रणी कदम है।

प्रक्रिया अनुकूलन, पुनर्संरचना और भट्ठी में ऑक्सीजन का प्रतिशत बढ़ाने से ईंधन की खपत में काफी कमी आई है। ऊर्जादक्ष जल पंप, इलेक्ट्रिक मोटरों की स्थापना और पूरे संयंत्र परिसर में एलईडी प्रकाश व्यवस्था को व्यापक रूप से अपनाना जिंदल स्टेनलेस हिसार की ऊर्जा संरक्षण परियोजना के प्रमुख स्तम्भ हैं।

इन प्रयासों ने जिंदल स्टेनलेस के समग्र कार्बन उत्सर्जन को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले दो वित्तीय वर्षों (वित्तवर्ष 2022 और वित्तवर्ष 2023) में लगभग 240,000 टन कार्बनउत्सर्जनकी महत्वपूर्ण कमी के साथ, जिंदल स्टेनलेस 2035 लक्ष्य वर्ष से काफी पहले कार्बन उत्सर्जन में 50 प्रतिशत की कमी के अपने मध्यावधि और 2050 तक नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने की राह पर है।

# उपायुक्त प्रदीप दहिया ने संभाला अपना कार्यभार, अधिकारियों की ली बैठक

## बोले, सफल चुनाव इस समय की प्राथमिकता, अधिकारी सभी तैयारियां पूरी करें

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बुधवार को दोपहर बाद अपना कार्यभार संभाल लिया है। राज्य सरकार द्वारा जिला नगर आयुक्त के पद पर कार्यरत वरिष्ठ आईएएस अधिकारी प्रदीप दहिया को हिसार के डीसी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। वे 2013 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। नूंह, कैथल में डीसी और गुड़गांव, नूंह, रेवाड़ी में एडीसी, आरटीए सचिव, ऐलनाबाद में एसडीएम के पद पर रह चुके हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा में आने से पहले श्री दहिया आईटी प्रोफेशनल रहे हैं और इलेक्ट्रॉनिकस एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियर के तौर पर दूनियाभर में प्रतिष्ठित सॉफ्टवेयर कंपनी इंफोसिस में कार्य कर चुके हैं। नीति निर्धारण से संबंधित पुस्तकें पढ़ना उनकी रूचि है। प्रदीप दहिया पिछले करीब डेढ़ साल से निगम आयुक्त के पद पर



अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने जिले के सभी उच्च अधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव तथा अन्य प्रशासनिक सेवाओं से संबंधित सभी तैयारियों को पूरा करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी/ कर्मचारी कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और गंभीरता के साथ करें। जिम्मेदारियों में किसी प्रकार की कोताही ना होने पाए। श्री दहिया ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव इस समय अधिकारियों की प्राथमिकता पर होना चाहिए। संबंधित अधिकारी अपने काम दूसरों पर ना टाले। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, एसीयूटी अर्पित सांगल, एसडीएम हिसार जयवीर यादव, एसडीएम हांसी मोहित महराणा, बरवाला की एसडीएम विजया मलिक, नगराधीश हनी बंसल, एमसी संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल, अतिरिक्त नगरायुक्त प्रदीप कुमार, जिप सीईओ कुलभूषण बंसल सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्य सरकार द्वारा वैध की गई शहर की चारों कॉलोनी की सभी गलियों को करवाया जाएगा पक्का : विनोद भयाना

## शहर में फिर फूटे विकास कार्यों के नारियल, विधायक ने 82 लाख रुपए की लागत से तैयार होने वाली विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ, 3 माह में निर्माण कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 7 मार्च :** विधायक विनोद भयाना ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शहर की चार कॉलोनीयों को वैध किया गया है। इन कॉलोनी की सभी गलियों को पक्का करवाया जाएगा।

श्री भयाना ने यह बात शहर में 82 लाख रुपए की लागत से बनकर कर तैयार होने वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत लोगों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे तुरंत अप्रूव्ड हुई कॉलोनियों का दौरा कर सभी कच्ची गलियों का विस्तृत प्रस्ताव तैयार करें ताकि इसे तुरंत सरकार के पास भिजवाकर इन्हें पक्का करवाने की मंजूरी प्राप्त की जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रस्ताव को इस प्रकार से तैयार करें की कोई भी गली इन कॉलोनी में कच्ची नहीं रहने पाए। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल से शहर की 13 कॉलोनीयों को अप्रूव्ड करने को लेकर प्रस्ताव भेजा गया था जिन में से साई कॉलोनी प्रथम, द्वितीय, नंद नगर तथा बैंक कॉलोनी को अप्रूव्ड कर दिया गया है जल्द ही बाकी कॉलोनी को भी अप्रूव्ड कर दिया जाएगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद किया और कहा कि अब इन वैध की गई कॉलोनीयो की सभी गलियों को पक्का करवाने के साथ-साथ यहां रहने वाले सभी नागरिकों को तमाम मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

इस अवसर पर दुलीचंद नागोरा, गोलू चावला, नवदीप बिड़लान, संत विद्यानंद, सुनील सैनी, जुगल किशोर शास्त्री, सोनू चंदा, श्रीनिवास, डॉ विष्णु, धर्मेंद्र, योगेश, हंसराज तथा नगर परिषद के अधिकारी उपस्थित रहे।



### इन विकास परियोजनाओं का निर्माण कार्य हुआ शुरू

विधायक ने वीरवार को 82 लाख रुपए की लागत से तैयार होने वाली कई विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने जिन विकास कार्यों की शुरुआत की उनमें 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाली गोल कोठी वाली गली, रूपनगर कॉलोनी में 7 लाख की लागत से बनने वाली गली तथा साई कॉलोनी में 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाली गली तथा रविदास मंदिर से प्रभात स्कूल तक गंदे पानी की निकासी के लिए पाइप लाइन डालने के विकास कार्य शामिल है। उन्होंने कहा कि गंदे पानी की निकासी को लेकर शुरू किए गए इस कार्य पर 25 लाख रुपए की धनराशि खर्च होगी। उन्होंने कहा कि आज जिन विकास परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू किया गया है उसे 3 माह के अंदर पूरा करवा लिया जाएगा।

# भाजपा सरकार ने ओबीसी समाज के उत्थान के लिए किए हैं विशेष प्रयास : नरेश जांगड़ा

## गांव सातरोड़ खुर्द में ओबीसी जिला उपाध्यक्ष नरेश जांगड़ा की अध्यक्षता में हुआ ओबीसी सामाजिक सम्मेलन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** गांव सातरोड़ खुर्द स्थित सैनी धर्मशाला में ओबीसी सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नरेश जांगड़ा ने की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए नरेश जांगड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार ने ओबीसी समाज के उत्थान के लिए पीएम विश्वकर्मा कल्याण योजना के नाम से विशेष नीति बनाई है जो ओबीसी समाज के उत्थान में अहम योगदान देगी। उन्होंने समाज के सभी लोगों से आह्वान किया कि इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। नरेश जांगड़ा ने कहा कि ओबीसी व पिछड़ा वर्ग के उत्थान में सबसे अधिक योगदान भारतीय जनता पार्टी का है। पार्टी ने राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक स्तर पर समाज की उन्नति के लिए भरपूर एवं विशेष प्रयास किए हैं। पार्टी में ओबीसी वर्ग के लोगों को वरियता दिया जाना इस बात का सूचक है कि भाजपा ओबीसी वर्ग को



अहमियत देती है। इसी का परिणाम है कि आज भारतीय जनता पार्टी के साथ ओबीसी व पिछड़ा वर्ग के लोग पार्टी व उसकी नीतियों में पूर्ण विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि 'मोदी की गारंटी, मनोहर का संकल्प' के नारे के साथ भाजपा को केंद्र व प्रदेश में पुनः सत्ता में लाने में ओबीसी वर्ग अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से इस बात का आह्वान किया। सम्मेलन में मुख्य रूप से देशराज बरवाला महामंत्री, बीरबल स्वामी, प्रवीन सैनी बीएलए-1 बरवाला विधानसभा, अंबिका पार्षद सचिव, सतीश गिल, कृष्ण सैनी मंडल अध्यक्ष, विनोद राठौड़ व प्रेम जांगड़ा सहित भारी संख्या में ओबीसी समाज लोग मौजूद थे।

# राज्य सरकार ने सैनी पुरा गांव की राजकीय प्राथमिक पाठशाला के लिए एक करोड़ से अधिक धनराशि के प्रस्ताव को दी मंजूरी : विनोद भयाना

## विद्यालय में आठ कमरे, रसोई घर, शेड तथा शौचायलयों का होगा निर्माण

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 7 मार्च :** विधायक विनोद भयाना ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सैनीपुरा गांव की राजकीय प्राथमिक पाठशाला के लिए एक करोड़ से अधिक धनराशि स्वीकृत की गई है। श्री भयाना ने वीरवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के लिए स्वीकृत की गई एक करोड़ 2 लाख 29 हजार रुपये की धनराशि से गांव की राजकीय प्राथमिक पाठशाला में आठ कमरों, एक रसोईघर,शेड तथा शौचालयो का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछली कई दिनों से ग्रामवासी विद्यालय में कमरों के निर्माण को लेकर मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने उनकी इस मांग को पूरा करते हुए कमरों के साथ-साथ रसोई घर तथा शौचायलयों के निर्माण प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही टेंडर अलॉटमेंट की प्रक्रिया पूरी करके विद्यालय में इन सभी कार्यों पर निर्माण शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि विगत 4 मार्च को विद्यालय में कमरों सहित अन्य कार्यों को लेकर भेजे गए प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है।

# खादी की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में खादी प्रेमियों ने जम कर की खरीदारी व स्वदेशी वस्तुओं की ली जानकारी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** स्थानीय पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में खादी की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में खादी प्रेमियों ने जम कर की खरीदारी व स्वदेशी वस्तुओं की ली जानकारी। वहीं प्रदर्शनी में आए दर्शकों ने स्वदेशी उत्पादों की सराहना की। इस अवसर पर सहकारिता प्रकोष्ठ हरियाणा लेबरफैड के प्रदेश प्रभारी राकेश गुलाटी ने कहा कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु मध्यम एवं उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार का एक उपक्रम है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण उद्यमियों की उत्पादित माल को बिक्री योग्य वस्तुए बनाने का प्रशिक्षण देना व बनवाना जो बाजार में बिक्री योग्य हो जिससे उनके रोजगार की निरंतरता बनी रहे व उनमें स्वावम्बन की भावना बने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्म निर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की भावना एवं सपनों को साकार करने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर खादी और ग्रामोद्योग के माध्यम से चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत हरियाणा प्रदेश में जिला उद्योग एवं हरियाणा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड तथा खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा मिलकर लगभग 9000 इकाईयां स्थापित की जा चुकी हैं। गुलाटी ने बताया कि उक्त उत्पाद के लिए सरकार सब्सिडी वाला ऋण भी प्रदान करती है। प्रदर्शनी को राज्य निदेशक शिव कुमार द्वारा प्रोत्साहित करते हुए आयोजक इवेंट एजेंसी एवं प्रदर्शनी में पहुंचने वाले ग्राहकों को शुभकामनाएं दी। इस भव्य फैशन शो में खादी और ग्रामोद्योग आयोग अम्बाला छावनी की ओर से अरुण कुमार, सहायक निदेशक एवं अजय कुमार, सहायक निदेशक तथा पी.एम.ई.जी.पी. मार्केटिंग विशेषज्ञ त्रतु तथा इवेंट एजेंसी के गौरव कुमार तथा अंशुल सरदाना एवं राजेश संधु उपस्थित रहे।

# आर्मी पब्लिक स्कूल को इंडियन स्कूल अवार्ड्स की ओर से मिला उत्कृष्ट प्रमाण पत्र




**पाठकपक्ष न्यूज**

*__हिसार, 7 मार्च :__ शिक्षा जगत में अपनी अनूठी उपलब्धियों से अपनी अलग पहचान बनाने वाले आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार को चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में इंडियन स्कूल अवार्ड्स की ओर से मान्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि समग्र शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने, वैश्विक नागरिकता को बढ़ावा देने और नवीन शिक्षण प्रथाओं को लागू करने के लिए प्रयासरत स्कूलों को प्रदान की जाती है। आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार ने इन सभी मापदंडों में खरा उतर कर शीर्ष 50 स्कूलों में अपनी पहचान बनाई है और गर्व के साथ प्रमाण पत्र प्राप्त किया है।*







**पाठक ध्यान दें...**

दैनिक पाठकपक्ष के समाचारों को आप हमारी वैबसाइट pathakpaksh.com और फेसबुक पेज pathak paksh पर भी रोजाना पढ़ सकते हैं।

**डॉ. बलबीर सैनी**
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
**बलबीर हस्पताल**
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573

**जिन्दल अस्पताल मॉडल टाउन, हिसार।**
Email: info@ncjims.org, Ph. 01662 310201
**पार्किंग हेतु निविदाएं आमंत्रित**
अस्पताल में स्थित बहुमंजिला पार्किंग, जिसकी क्षमता 209 गाड़िया और 150 टूव्हीलर की है उपरोक्त पार्किंग के लिए अस्पताल एक वर्ष के लिए निविदा आमंत्रित करता है इच्छुक पार्टी अपनी निविदा (कुटेशन) कार्यालयः कमरा न. 47 में किसी भी कार्य दिवस बंद लिफाफे में 20 मार्च 2024 तक जमा करवा सकते है।
**अस्पताल प्रशासन**




# शिक्षा, चिकित्सा, किसान, व्यापारी और स्वास्थ्य सेवाओं की ओर सरकार का कोई ध्यान नहीं : प्रो. संपत सिंह

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 मार्च :** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व गृहमंत्री प्रो. संपत सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव आने वाले हैं। इसी को लेकर पार्टी हाईकमान ने सिरसा हलके का कोर्डिनेटर बनाया था। हमने सिरसा में मीटिंग भी जिससे पता चला कि वहां के लोग कांग्रेस को वोट देना चाहते हैं लेकिन मैंने पार्टी हाईकमान से अपील की है कि दो बार हिसार से चुनाव लड़ चुका हूं। यहां के लोग पसंद करते हैं और अनुभव भी है इसलिए हिसार का कोर्डिनेटर बनाया जाए। सिरसा का कार्यभार किसी और को दे दिया जाए।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने 10 साल के कार्यकाल में धीरे-धीरे प्रजातंत्र को कमजोर किया जा रहा है। संविधान को कमजोर किया जा रहा है। संवेधानिक संस्थाओं को खत्म किया जा रहा है। चाहे वह आरबी हो, सीबीआई, ईडी, इलेक्शन कमीशन हो, ज्यूडीसरी को भी इस पार्टी ने नहीं छोड़ा। हर संस्था में सरकार ने अपना दखल दिया। इस पार्टी का प्रजातंत्र में विश्वास ही नहीं है। इसलिए जनता से अपील है कि अब समय आ गया है कि इस प्रजातंत्र में विश्वास न रखने वाली पार्टी को जड़ से उखाड़ फेंकें। प्रजातंत्र में विश्वास रखने वाली पार्टी को ही चुनें। पिछली बार भी बीजेपी की खिलाफत थी लेकिन सर्जीकल स्ट्राइक करके लोगों के अंदर भावनाएं पैदा कर दीं। लेकिन लोगों से अपील है कि भावनाओं में न बहें। पूरे साल के मुद्दों को याद रखें और प्रजातंत्र वाली सरकार को ही चुनें। किसानों ने 13 महीनों तक दिल्ली में गर्मी और सर्दी में अपने हकों की लड़ाई लड़ी। जब चुनाव आ गया तो पीएम ने किसानों से माफी मांगी और कृषि के तीनों काले कानूनों को वापस लेना पड़ा। आज फिर यही हाल है। आज पंजाब का कियान बॉर्डर पर बैठ है, असल में ये बॉर्डर नहीं है पंजाब तो हरियाणा का भाई है। एमएसपी का वादा करके सरकार किसानों को एमएसपी नहीं दे रही। सरकार को किसानों की समस्या का हल करना चाहिए। अगर सरकार किसानों को एमएसपी न दे तो किसानों को इसका बदला लेना चाहिए। अब चुनाव का समय है इससे अच्छा मौका नहीं आएगा।



### व्यापारियों पर दोहरी मार

व्यापारी पर भी दोहरा बोझ पड़ा है। जिन चीजों पर पहले वेट नहीं लगता था अब उन पर भी वेट लगाया जा रहा है। विशेषकर किसानों से संबंधित सामान जैसे खाद, बीज आदि पर भी जीएसटी लगा दी। पहले एक साल में टैक्स भरना पड़ता था लेकिन अब 15 दिन में भरने की अनिवार्यता है। जिससे व्यापारी वर्ग मुस्किल में आ गया है।

### शिक्षा और चिकित्सा की ओर सरकार का कोई ध्यान नहीं

शिक्षा और चिकित्सा की ओर सरकार का कोई भी ध्यान नहीं है। जहां स्कूल है वहां टीचर नहीं हैं, जहां कॉलेज है वहां प्रोफेसर नहीं हैं। काफी संख्या में सरकारी स्कूल बंद हो चुके हैं। वहीं चिकित्सा की बात करें तो स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले सरकार अस्पतालों का सिस्टम बिगड़ा हुआ है। किहीं टैस्ट की सुविधा नहीं है तो कहीं डॉक्टर ही नहीं है। मरीजों को मजबूरन प्राइवेट अस्पतालों में जाना पड़ता है जहां उनकी जेब पर भी असर पड़ रहा है।

**साल में दो करोड़ नौकरियां देने का वादा हुआ हवा**

युवाओं को नौकरी देने की बात पर भी सरकार खरी नहीं उतरी। सरकार ने हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था लेकिन हो ये रहा है कि युवा दूर-दूर पेपर देने जाते हैं लेकिन बाद में ये कह दिया जाता है कि पेपर लीक हो गया। ऐसी परिस्थिति में युवाओं पर मानसिक तनाव पड़ता है उनके परिजन भी तनाव में आ जाते हैं। पहले युवा मेहनत करके मिलिट्री की तैयारी करते थे लेकिन सरकार ने उसका भी नहीं छोड़ा। अब मिलिट्री की समय सीमा भी चार साल निर्धारित कर दी गई है।

## आमजन के मुद्दे उठाने वालों को चुने जनता : गौरव संपत सिंह



युवा कांग्रेसी नेता और प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी के डेलीगेट् गोरव संपत सिंह ने कहा कि जो पार्टी जनता के मुद्दों को उठाए और संसद में आमजन से जुड़े मुद्दों को रखे उसी पार्टी को वोट देनी चाहिए। ऐसे कैंडिडेट को चुनें जो काम आए जो आमजन के मुद्दों को उठाए। किसान, मजदूर, युवा और व्यापारियों के धरातल से जुड़े मुद्दों पर बात करने वाले कैंडिडेट को चुनें न कि हवा में बात करने वाले को।

## इलेक्टोरल बॉन्ड देश में बहुत बड़ा घोटाला, भाजपा छुपाने की कोशिश में जुटी : गर्ग

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने कांग्रेस भवन में पत्रकार वार्ता में कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड देश में बहुत बड़ा घोटाला है। जिसे भारतीय जनता पार्टी छुपाने की कोशिश कर रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में चुनावी फंड योजना को असंवैधानिक मानते हुए उस पर रोक लगाई है। अदालत में सभी राजनीतिक दलों को इस योजना के तहत प्राप्त दान का खुलासा करने का निर्देश दिए साथ ही भारतीय स्टेट बैंक को चुनावी फंड की पूरी जानकारी 6 मार्च से पहले सार्वजनिक करने और चुनाव आयोग को सौंपने का भी आदेश दिया। गर्ग ने 2017 में योजना की शुरुआत के बाद से राजनीतिक दलों को सामूहिक रूप से 12,000 करोड़ रुपए से अधिक प्राप्त हुए जिसमें भाजपा को तकरीबन 55 प्रतिशत 6,565 करोड़ रुपये मिले। चुनावी चंदे की जानकारी सार्वजनिक होने से किस-किस कॉर्पोरेटर के साथ भाजपा के संबंध वह अपने आप जनता को पता चल जाएगा। भारतीय जनता पार्टी स्टेट बैंक आफ इंडिया पर जानकारी न देने के लिए दबाव बनाए हुए हैं। एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक आवेदन दायर किया है। जिसमें जानकारी साझा करने के लिए 30 जून 2024 तक के टाइम की मांग की है ताकि तब तक लोकसभा चुनाव हो जाएं और इस मामले को रफा-दफा कर दिया जाए। इस अवसर पर एआईसीसी पर्यवेक्षक प्रवेश त्यागी, पूर्व मंत्री सुभाष गोयल, वरिष्ठ नेता छत्रपाल सोनी, वरिष्ठ नेता वीर सिंह दलाल, वरिष्ठ नेता अमर गुप्ता, एस सी सेल प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार मुंढ़ई आदि नेताओं ने भाग लिया।



## मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया बालसमंद में चौ. भजनलाल गवर्नमैंट कॉलेज के भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ

### बालसमंद में कॉलेज खुलने से छात्रों को मिलेगा लाभ, रोजगार भी मिलेगा बढ़ावा : भव्य बिश्नोई

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज बालसमंद और आसपास के गांवों के लिए बालसमंद में चौ. भजनलाल गवर्नमेंट कॉलेज की बिल्डिंग के निर्माण कार्य का उद्घाटन आदमपुर के विधायक भव्य बिश्नोई की मौजूदगी में वर्चुअल माध्यम से किया। इस अवसर पर गांव बालसमंद में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भव्य बिश्नोई ने कहा कि बालसमंद कॉलेज के लिए चौ. कुलदीप बिश्नोई और हम सबने मिलकर लंबा प्रयास किया और हमारा प्रयास रंग लाया है। हरियाणा के विकास पुरूष मुख्यमंत्री मनोहर लाल आदमपुर से जुड़ी हमारी ज्यादातर बड़ी मांगों को न केवल स्वीकार किया, बल्कि सभी बड़े कार्यों के लिए विकास राशी जारी करके उन्हें शुरू भी करवा दिया है, इसके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। विधायक ने बालसमंद में कॉलेज निर्माण के साथ-साथ अमृत सरोहर का भी उद्घाटन किया। बालसमंद में पिछले कुछ समय में अनेक विकास कार्य प्रगति पर हैं। 3.5 करोड़ रूपए की लागत से बालसमंद सब माईनर का कार्य चल रहा है। 24 लाख रूपए की ग्रांट बालसमंद गौशाला को दी गई है।



# सोनिया गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्ति बारे आर.टी.आई. दायर कर सूचना मांगी

## मौजूदा लोकसभा सदस्य के राज्यसभा में चुने जाने पर तत्काल समाप्त हो जाती है लोकसभा सदस्यता : एडवोकेट हेमंत कुमार

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 7 मार्च :** आज दो सप्ताह से अधिक का समय हो गया है जब 20 फरवरी 2024 को वर्तमान 17वीं लोकसभा में उत्तर प्रदेश की रायबरेली संसदीय सीट से सांसद सोनिया गांधी को कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर पर राजस्थान प्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया था। उनके साथ उसी प्रदेश से दो भाजपा उम्मीदवारों मदन राठौड़ और चुन्नीलाल गरासिया को भी राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

बहरहाल, आज भी लोकसभा की आधिकारिक वेबसाइट पर सोनिया गांधी को उत्तर प्रदेश के रायबरेली संसदीय क्षेत्र (लोकसभा सीट) से मौजूदा कांग्रेस सांसद के तौर में दर्शाया जा रहा है। इस सब के बीच, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट और चुनावी मामलों के जानकार हेमंत कुमार ने आज लोकसभा सचिवालय में एक ऑनलाइन आरटीआई याचिका दायर की है, जिसमें सोनिया गांधी की मौजूदा 17वीं लोकसभा की सदस्यता समाप्त करने से संबंधित घोषणा और अधिसूचना के बारे में सम्पूर्ण जानकारी मांगी गई है।

हेमंत ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपी एक्ट), 1951 की धारा 69(1) का हवाला देते हुए बताया कि उसमें स्पष्ट तौर पर उल्लेख है कि यदि कोई व्यक्ति जो पहले से ही लोकसभा का सदस्य है और ऐसी सदस्यता के दौरान उसे राज्यसभा का सदस्य चुन लिया जाता है, तो लोकसभा में उस व्यक्ति की सीट उसके राज्यसभा सदस्य चुने जाने की तारीख से ही खाली हो जाएगी. इसलिए जिस तारीख को सोनिया गांधी को राजस्थान राज्य से राज्यसभा सांसद के रूप में चुना गया था अर्थात 20 फरवरी 2024 से, उसी दिन से वह वर्तमान 17वीं लोकसभा की सदस्य नहीं रहेगी।



एडवोकेट हेमंत ने इस संबंध में उदाहरण भी दिया है। जनवरी, 2014 में तत्कालीन डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए-2 सरकार में दो कैबिनेट मंत्रियों-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के शरद पवार (माधा, महाराष्ट्र से तत्कालीन लोकसभा सांसद) और कांग्रेस की कुमारी शैलजा (अंबाला, हरियाणा से तत्कालीन लोकसभा सांसद) को 31 जनवरी 2014 को क्रमशः महाराष्ट्र और हरियाणा राज्यों से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया था। उन दोनों की 31 जनवरी 2014 से ही तत्कालीन 15वीं लोकसभा की सदस्यता समाप्त हो गयी थी, हालांकि राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका कार्यकाल 3 अप्रैल 2014 (पवार के मामले में) और 10 अप्रैल 2014 (शैलजा के मामले में) से आरम्भ होना था।

हेमंत ने कहा कि राजस्थान राज्य से राज्यसभा सांसद के रूप में सोनिया गाँधी का 6 वर्षों का कार्यकाल 4 अप्रैल 2024 से आरम्भ होगा। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले विधायी विभाग द्वारा 4 अप्रैल 2024 को ही सोनिया के राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने सम्बन्धी आवश्यक वैधानिक घोषणा के साथ साथ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 71 में वांछित नोटिफिकेशन को भारत सरकार के राजपत्र (गजट) में प्रकाशित किया जाएगा जिस दिन से उनका राज्यसभा कार्यकाल आरंभ होगा। इसलिए 20 फरवरी 2024 से 3 अप्रैल 2024 के बीच की अवधि के लिए, सोनिया गांधी संसद के किसी भी सदन की सदस्य नहीं है।

## हिसार के बीचों बीच कई करोड़ की जमीन का विवाद

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 7 मार्च :** जैसे-जैसे जमीन के भाव बढ़ रहे हैं पूर्वजों का धर्मादा बिगाड़ने पर आमादा हो रहे हैं उत्तराधिकारी। हिसार के पुराने दानी स्वर्गीय चिरंजी लाल तायल ने नागोरी गेट के पास लक्ष्मी नारायण मंदिर और तायल धर्मशाला, 1951 में स्थापित की थी, जिसकी देखभाल स्वर्गीय शिवदयाल कटारिया किया करते थे। दोनों की मृत्यु के बाद ट्रस्टी और केयरटेकर की मिली भगत से भूमि बेच दी गई है। यह जानकारी स्वर्गीय शिवदयाल के बेटे किशोर कुमार की बेटी प्रिया कटारिया ने हमें दी। प्रिया ने बताया कि गृहमंत्री अनिल विज के हस्तक्षेप के बावजूद भी अभी तक उन्हें न्याय नहीं मिला है। पुलिस के सूत्रों से पता लगा है कि डीएसपी गौरव शर्मा और इकोनामिक सेल की लेडी इंस्पेक्टर को यह जांच सौंप गई है। मुख्य द्वार को छोड़कर बाकी भवन को गिरा दिया गया है। प्रिया का आरोप है कि आरोपियों व दोषियों ने लगातार उन पर केस वापस लेने के लिए दबाव बनाया हुआ है और पिता पुत्री पर हमले की आशंका है। उसने बताया कि 2021 में चोरी-छिपे यह जमीन बेच दी गई थी। पुलिस अधीक्षक ने आवेदकों को आश्वासन दिया है कि शीघ्र कार्रवाई होगी।



मंदिर व धर्मशाला का प्रमुख द्वार तथा जानकारी देते हुए प्रिया कटारिया।




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

